हज़ीरा संयंत्र में ई-6 अधिकारियों हेतु राजभाषा कंम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

वरिष्ठ अधिकारियों को कंप्यूटर पर राजभाषा में दक्षता से कार्य करने में सहयोग करने के उद्देश्य से हज़ीरा संयंत्र द्वारा दिनांक 07 जून 2024 को एक दिवसीय **“राजभाषा कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला”** का आयोजन किया गया। दो सत्रों में विभाजित इस कार्यशाला में हज़ीरा संयंत्र के ई-6 स्तर के समस्त अधिकारियों मे भाग लिया। कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए गृह मंत्रालय से सहायक निदेशक (हिन्दी शिक्षण योजना) श्री राजेन्द्र प्रसाद वर्मा को आमंत्रित किया गया।

राजभाषा कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र वर्मा का स्वागत करते कार्यकारी निदेशक-संयंत्र प्रबंधक श्री चन्द्रशेखर (बाएँ) कार्यशाला में भाग लेते हज़ीरा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण (दाएँ)

कार्यशाला में प्रशिक्षक श्री वर्मा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को ओएनजीसी के दिशा पोर्टल पर सुगमतापूर्वक कार्य करने के लिए बोल कर डिक्टेशन देना, वॉयस टाइपिंग की बारीकियाँ, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365 के विभिन्न टूल, ट्रांसक्राइब, वर्ड के विभिन्न फीचर आदि से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार द्वारा निर्मित तीन सॉफ्टवेयर – अनुवादिनी, भाषिणी तथा कंठस्थ पर विस्तार से लाइव एप्लीकेशन दिखा कर उनके बारे में बताया । एक भाषा में बोल कर दूसरी भाषा में उसका अनुवाद सुनना, सुने हुए को शब्द में परिवर्तित करना तथा शब्द का अनुवाद करना आदि सिखाया गया। इस कार्यशाला में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई संबंधी विभिन्न सॉफ्टवेयरों की विस्तार से जानकारी दी गई। मोबाइल के जरिए दक्षतापूर्वक कार्यालय का कार्य निष्पादन करने के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया।



विभिन्न भाषा सॉफ्टवेयर और ई-टूल का परिचय देते प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सहायक निदेशक (गृह मंत्रालय)

कार्यशाला में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक के साथ कार्यालयीन कार्य के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं पर चर्चा की तथा कई प्रश्न और शंकाएँ रखीं जिनका प्रशिक्षक ने उचित समाधान किया। प्रशिक्षक ने सभी प्रतिभागियों को आधुनिकतम भाषाई टूल तथा सॉफ्टवेयर के प्रयोग से कम समय में बेहतर कार्य निष्पादन करने के गुर सिखाए और कंप्यूटर पर अधिकाधिक कार्यालयीन कार्य राजभाषा में करने के लिए प्रशिक्षित किया।

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी (बाएँ) प्रशिक्षक को स्मृति चिह्न भेंट करतीं महाप्रबंधक (वित्त) सुश्री विनीता जैन

कार्यशाला के दोनों सत्रों के प्रतिभागों का समूह चित्र

कार्यशाला के अंत में, प्रभारी (राजभाषा) सुश्री शुभम श्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र वर्मा एवं सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

- **राजभाषा अनुभाग, हज़ीरा संयंत्र**